हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

04 जिले में राज्य शासन के निर्देशों का पालन...

07 45 मांस विक्रेताओं की सीएमओ के साथ बैठक...







### खुले में अंडा, मांस, मछली की बिक्री पर रोक, दुकानदारों को लाइसेंस प्राप्त कर विक्रय करने की समझाइश दें

# बिना अनुमति जिले में कोई भी जुलूस, रैली न निकले, कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिले में कोई भी जुलूस, रैली बिना अनुमति के नहीं निकले, विधिवत अनुमति लेकर ही निकाले जाए। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अंडा, मांस, मछली का विक्रय खुले में नहीं करने एवं लाइसेंस प्राप्त कर ही विक्रय करने के लिए दुकानदारों को समझाइश दें। दुकानदारों को मांस मछली विक्रय के संबंध में जारी आदेशों का पालन करने तथा दुकानों पर साफ-सफाई, अपारदर्शी कांच आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए जिले में कहीं भी होर्डिंग एवं बैनर बिना अनुमति के नहीं लगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में बिना मुंडेर कुएं, बावड़ियों के चारों ओर सुरक्षा करवाई जाए तथा खुले बोरवेल को व्यवस्थित बंद करवाए। कोई भी व्यक्ति,कृषक, संस्था बोरवेल को खुला नहीं छोड़े, बोर कैप लगाकर ढंक दें, ताकि कोई हानि नहीं हो। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया मिलावट रोकने के लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्यान्न सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए नमूने एकत्रित किए जाए।



### लंबित पत्रों की समीक्षा कर समय सीमा में पोर्टल पर दर्ज करें

कलेक्टर ने विभागवार निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूरे करवाए, जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन्हें संबंधित विभाग को हैंडोवर करने की कार्रवाई करें। बैठक में जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं समयावधि के लंबित पत्रों की समीक्षा कर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समय -सीमा में संतुष्टीपूर्वक निराकरण कर जवाब संबंधित पोर्टलो पर दर्ज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सत्येंद्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मिलिंद ढोके सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों का पंजीयन कराएं

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सभी संबंधित विभाग अपने विभागों से संबंधित योजनाओं को व्यापक प्रचार-प्रसार कर, पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए यात्रा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें तथा पहले से लाभान्वित हितग्राहियों से मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अनुभव साझा करवाएं। सभी विभाग अपने हितग्राहियों की संख्या प्रतिदिन पोर्टल पर भी अद्यतन करें। यात्रा अंतर्गत सभी कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से आयोजित हो, सभी नोडल अधिकारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीणजन सहभागी बने इसके लिए पूर्व से प्रचार-प्रसार भी करवाएं। जिले के जिन किसानों को अभी तक केसीसी जारी नहीं हुए हैं, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एवं सुपर वाइजर विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर केसीसी से वंचित किसानों को नियमानुसार केसीसी जारी करवाने के लिए आवेदन प्राप्त करते हुए नोडल के माध्यम आवेदन पोर्टल पर दर्ज करवाने की कार्यवाही करें तथा प्रतिदिन की प्रगति से जिला नोडल अधिकारी को अवगत करवाएं।

## देवास के किसानों ने प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

सहगल फाउंडेशन के द्वारा एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के अंतर्गत देवास जिले के 50 किसानों ने परिहार जैविक फार्म पर एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया।

जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के गौरव दुबे एवं लक्ष्मी चरण जावर के द्वारा राष्ट्रीय प्रगतिशील किसान राधेश्याम परिहार के जैविक फार्म पर देवास जिले के किसानों ने जैविक खेती, पोषण वाटीका, फूड प्रोसेसिंग इकाई, औषधि फसलों का प्रदर्शन, प्याज भंडार गृह, वर्मी कंपोस्ट यूनिट, आदि का प्रशिक्षण लिया। परिहार ने रासायनिक खेती से मानव व पर्यावरण पर घातक परिणामों से किसानों को अवगत कराया व खेती में नवाचार करने व औषधिय फसलों की खेती अपनाने पर जोर दिया।

### जिले में चायना डोर प्रतिबंधित, कलेक्टर ने किया आदेश जारी, आदेश के उल्लंघन पर की जाएगी कार्रवाई

**आगर-मालवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने मनुष्य, पशु-पक्षियों एवं पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत जिले में चायना डोर प्रतिबंधित की है। जारी आदेशानुसार जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी, कपास के साथ लेपित मांझा/कांच का उपयोग करके निर्मित) जो कि मनुष्य एवं पक्षियों के लिए खतरनाक है, के विनिर्माण , विक्रय, भंडारण एवं उपयोग करना प्रतिबंधित होगा। आदेश आगामी दो माह की अवधि तक प्रभावशील होगा, आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-188 की तहत कार्यवाही की जाएगी।

## बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन...



**नलखेड़ा।** नगर सहित क्षेत्र में चल रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नागरिक इससे बचने के लिए विभिन्न जतन करते दिखाई दिए। नगर सहित क्षेत्र में रविवार शाम से बर्फीली हवाएं चलना प्रारंभ हुई जो कि सोमवार को भी दिनभर चलती रहीं। बर्फीली हवाओं के कारण नागरिकों में ठिठुरन बढ़ गई। जिससे बचने के लिए नागरिक दिनभर गर्म ऊनी वस्त्र धारण किए रहे। वहीं सुबह-शाम अलाव का सहारा भी लेते दिखाई दिए। बर्फीली हवाओं के चलने से बाजार में भी समय से पहले सन्नाटा पसर गया था। वहीं सोमवार को सुबह भी आम दिनों की तुलना में देर से बाजार खुले।

### अवैध शराब के परिवहन में जब्त बोलेरो पीकअप वाहन राजसात

**आगर-मालवा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अवैध शराब परिवहन में जप्तशुदा बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक-एमपी-70 जी 0745 को शासन पक्ष में राजसात की है। जारी आदेशानुसार बोलेरो पीकअप वाहन से 31 मई 2021 को गौवंश एवं दो प्लास्टिक केनो में 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब का अवैध परिवहन करने पर उक्त वाहन जप्त कर म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004, म.प्र. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 1959 व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम की धारा 111 (घ) एवं धारा म.प्र. 34(2) व आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया, शराब जप्ती के दौरान के समय 50 बल्क लीटर से अधिक होने के कारण प्रथम दृष्टया मामला मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम का होने पर कलेक्टर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 (क) की उपधारा (2) के तहत जप्तशुदा बोलेरो एवं शराब का शासन पक्ष में अधिहरण किया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक आगर को राजसात वाहन की नियमानुसार नीलामी कर राशि शासकीय कोष में जमा करवाने तथा जिला आबकारी अधिकारी को शराब का विधिवत निराकरण करने के निर्देश जारी किए हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंच रही

### मोबाइल वैन ग्राम पंचायतों में योजनाओं को कर रही प्रचारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ देकर योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाने के लिए जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। यात्रा अंतर्गत जिले में 4 आईईसी सर्वसुविधायुक्त मोबाइल वैन ग्राम पंचायतों में जाकर योजनाओं को प्रचारित कर रही है तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की चिन्हित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए पंजीयन किया जा रहा है। यात्रा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ने विकास खण्ड आगर की ग्राम पंचायत पांचारुण्डी एवं अहीरबर्डिया, विकास खण्ड बड़ौद की ग्राम पंचायत रामाखेड़ी एवं जमुनिया बड़ौद, विकास खण्ड सुसनेर की ग्राम पंचायत साल्याखेड़ी एवं लोहारिया तथा विकास खण्ड नलखेड़ा की ग्राम पंचायत धरोला एवं देहरीगुर्जर पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त कर। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा भ्रमण कार्यक्रम



विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड आगर में 19 दिसम्बर को बिजनाखेड़ी एवं लाड़वन, 20 दिसम्बर को कसाई देहरिया एवं चिकली गोयल का भ्रमण करेगी। इसी तरह विकास खण्ड बड़ौद में यात्रा 19 दिसम्बर को खन्दवास, 20 दिसम्बर को जहांगीरपुरा एवं गुराडिया, विकास खण्ड सुसनेर में यात्रा करकडिया एवं कंठालिया का खेड़ा, 20 एवं 21 दिसम्बर को नगर परिषद् सोयतकलां, विकास खण्ड नलखेड़ा में, 19 एवं 20 दिसम्बर को नगर परिषद् नलखेड़ा का भ्रमण करेगी।

### आदतन अपराधी यादव को 3 माह के लिए किया जिलाबदर

**आगर-मालवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने आदतन अपराधी रामेश्वर पिता गंगाराम यादव निवासी पालडा, जिला आगर-मालवा को 3 माह के लिए जिला बदर किया है। जारी आदेशानुसार रामेश्वर यादव वर्ष-2014 से निरंतर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, जिस पर मारपीट, नुकसान, रूपए की मांग, धमकी देना आदि अपराधिक प्रकरण कायम होने पर जिला दंडाधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 (क), (ख) के अन्तर्गत 03 माह की कालावधि के लिए जिला आगर-मालवा एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिले शाजापुर, उज्जैन, राजगढ़, रतलाम, मंदसौर की सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्कासन आदेश पारित किया है तथा न्यायालय जिला दंडाधिकारी की पूर्व अनुमति के उक्त प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया है।

### स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन व मोटिवेशनल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# विद्यार्थी सोच समझकर करें अपने भविष्य का चयन : डॉ राठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

रविवार को सामाजिक सेवा संकल्प अभियान युवा संसद द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन में युवा संसद के निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों को इंदौर जिले के राऊ से शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ डीसी राठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को अपने जीवन में सही समय पर सही विषय का चयन कर लेना चाहिए, यदि ऐसा नहीं करता है तो, भविष्य में उसे पछताना पड़ता है। इसलिए सोच समझ कर ही दसवीं के बाद विषय सब्जेक्ट का चयन करें, ताकि आप उस विषय के अनुसार ही अपना कैरियर बना सकें।

डॉ राठी ने कहा कि कॉम्पीटिशन एग्जाम के लिए मन से पढ़ाई करना होती है। हम घर पर रहकर भी पढ़ाई कर कॉम्पीटिशन एग्जाम में हिस्सा ले सकते हैं। वहीं शहरों में बड़े कोचिंग संस्थान भी हैं जहां कॉम्पीटिशन एग्जाम की तैयारी अच्छे से करवाई जाती है। डॉ राठी ने कॉलेज चलो अभियान के तहत नवीन शिक्षा नीति, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए करियर के संबंधों के अवसरों की जानकारी दी।







दूसरे सेशन को युवा संसद के संयोजक एडीपीओ गोकुल सिंह सिसोदिया इंदौर ने भी छात्रों को समय प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा की समय का ईगो बहुत बड़ा होता है यदि तुम इसे बर्बाद करोगे तो ये तुम्हें बर्बाद कर देगा सही कैरियर बनाने के लिए समय का प्रबंधन बहुत ज़रूरी है समय प्रबंधन के तहत छात्रों को आइसन हॉवर मेट्रिक्स अर्जेंट इंपोर्टेंट समझाया उल्लेखनीय है कि सामाजिक सेवा संकल्प अभियान के तहत युवा संसद छात्रों के लिए निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी के साथ निशुल्क युवा लीडरशिप, गरीब तबके के बच्चों में ठण्ड में स्वटर, स्कूल किताबें और यूनिफाम भी वितरित करते हैं। युवा संसद निस्वार्थ भाव से प्रदेश के कई जिलों में एक ग्रुप बना कर कार्य करता हैं। समय समय पर पौधा रोपण के साथ युवाओं को मोटिवेट कर सामाजिक कार्य में रूचि बड़ाने, ब्लड डोनेट केम्प लगाने जरूरत मंद को समय पर ब्लड डोनेट कर जान बचाने जैसे कार्य करते आई है। युवा संसद से पहले 10 से 15 लोग जुड़े थे। लेकिन आज सेंकडो युवा, बिजनेस मेन और कर्मचारी युवा संसद से जुड़ कर पुनीत कार्य कर रहे हे। कार्यक्रम से पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

वहीं कन्या स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की,छात्रों के कैरियर मार्गदर्शन के इस कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राहुल गोड़ ने कहा की पढ़ाई करने में मन को शांत रखना जरुरी हे। हम एग्जाम के समय अधिक देर तक रात्रि में पढ़ाई करते हैं। और सुबह भी जल्दी उठ कर फिर से पढ़ाई में लग जाते हैं। जिस कारण छात्र को मानसिक तनाव होने लगता हे। जैसे सर दर्द, आंखों में जलन,नीद नहीं आना, दिमाग में कुछ न कुछ चलते रहना आदि होता है। अक्सर यह पढ़ाई एग्जाम के समय ही होता है। इसलिए समय पर सोना और समय पर उठाना। उसी तरह करें जैसे पहले करते आ रहे थे। दिमाग पर अधिक लोड लगने पर, गायत्री मंत्र, या ध्यान करें। इससे आपकी थकावट होने के साथ ही मन हल्का हो जाता है। और पढ़ाई में मन भी लगता है। उक्त बात छात्रों को बताई गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बाबू लाल बीजापारी, नप उपाध्यक्ष राजेश डीलर, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राहुल गौड़, कन्या हाई स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर,मनीष शर्मा, युवा संसद सह सयोजक चेनसिंह आर्य मंच पर अतिथि के रूप में मौजूद थे।

### एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण हुई आयोजित

**आगर-मालवा।** मध्य प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा रविवार को जिला मुख्यालय पर दो परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। एमपीएससी परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ( दरबार कोठी) बनाया गया था, जहां दो सत्रों में परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। परीक्षा केंद्र शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल पर कुल 400 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होने थे, जिनमे से प्रथम पाली में 320 उपस्थित एवं 80 अनुपस्थित तथा द्वितीय पाली में 318 उपस्थित और 82 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबार कोठी में 138 परीक्षार्थी शामिल होना था, जिनमें से दोनों पाली में 126-126 उपस्थित एवं 12- 12 अनुपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ज्योतिषाचार्य डिंपल शर्मा दिल्ली में सम्मानित



**देवास।** मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थानाम एवं आल इंडिया फेडरेशन ऑफ एस्ट्रोलॉजर्स सोसायटी द्वारा इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन एस्ट्रोलॉजी एण्ड वास्तु का आयोजन विगत दिनों विज्ञान भवन नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। सेमिनार में देशभर के ज्योतिषाचार्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें देवास निवासी ख्याति प्राप्त टैरो/एस्ट्रो/वास्तु ज्योतिष विद डिम्पल दीपक शर्मा ने भी हिस्सा लिया। वैदिक, ज्योतिष, वास्तु एवं गुप्त विज्ञान में सराहनीय कार्य करने पर फ्यूचर पाइंट डायरेक्टर अरूण बंसल, पूर्व राज्यमंत्री योगेन्द्र महंत, डायरेक्टर दिनेश गुरूजी एवं वल्ड फेमस एस्ट्रोलॉजर्स लाल धागे वाले ने डिम्पल शर्मा को इंडिया टॉप टेन अवार्ड से सम्मानित किया। शर्मा के सम्मानित होने पर स्नेहीजनों एवं परिवारजनों ने बधाई दी।

### आज देवास में, निकलेगी स्वागत रैली

**देवास।** प्रदेश कांग्रेस के नाम नियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी 19 दिसंबर को बाबा महाकाल के दर्शन के पश्चात भोपाल जाकर अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान वें देवास, सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर होते हुए भोपाल पहुंचेंगे। देवास शहर में उनकी उपस्थिति में स्वागत रैली निकल जाएगी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी व प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने बताया कि पटवारी 11.30 बजे उज्जैन से देवास पधारेंगे। पश्चात सयाजीद्वार से स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, एमजी रोड, जनता बैंक चौराहा, जैन मंदिर रोड, नयापुरा, नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहा पहुंचेगी। इस दौरान कांग्रेसजनो द्वारा अनेक स्वागत मंचो से उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक हुई आयोजित

# जिले में राज्य शासन के निर्देशों का पालन करवाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर गुप्ता

खुले बोर को बंद करवाने एवं बिना मुंडेर के कुओं के लिए अभियान चलाकर संबंधित पर कार्रवाई करने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, आईएएस टी प्रतीक राव, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रिया चंद्रावत सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हर सोमवार समय-सीमा बैठक में की जाएगी।

कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिये कि जिले में राज्य शासन के निर्देशों का पालन करवाना सुनिश्चित करें। स्वामित्व योजना के लिए विशेष रूप से अभियान चलाएं। स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में खुले बोर को बंद करवाने एवं बिना मुंडेर के कुओं के लिए अभियान चलाये। संबंधित पर कार्रवाई करें। कार्रवाई के लिए दल का गठन करें। जिले में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाये। धाराजी में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग का कार्य अभियान चला कर करें। जिनका मोबाइल नम्बर सीडिंग कार्य नहीं हुआ है, उन्हें अगले महीने का राशन नहीं मिलेगा। आधार सीडिंग और मोबाइल सीडिंग कार्य में प्रोग्रेस नहीं होने पर खाद्य विभाग संबंधित राशन दुकान को कमीशन भी नहीं दें। किसान सम्मान निधि के लिए शेष किसानों का ईकेवायसी कार्य शीघ्र पूर्ण करें। सोनकच्छ एवं बागली एसडीएम कार्यालय शिफ्ट करने के लिए एसडीएम जगह का चिन्हांकन कार्य एक सप्ताह में कर लें। पीडब्ल्यूडी विभाग के रोड से अतिक्रमण हटाकर शोल्डर बनवाए, जिससे कोई घटना नहीं हो। नल जल योजना में मापदंड अनुसार कार्य करें, जहां भी कार्य अधूरा है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करें। निर्माणाधीन गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण करें। गौशालाओं से अतिक्रमण हटाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जिन स्कूलों में अब तक स्मार्ट टीवी नहीं लगी है। वहां ''मेरा स्कूल स्मार्ट स्कूल'' अभियान अंतर्गत जन सहयोग से स्मार्ट टीवी प्राप्त कर स्कूल में लगाये। जिले में ''मेरी साल संपूर्ण साल'' अभियान में स्कूलों में जन सहयोग से फर्नीचर प्राप्त करें। पेंशन प्रकरण समय पर नहीं बनने और सर्विस बुक व्यवस्थित नहीं होने पर संबंधित डीडीओं पर कार्रवाई करें।

# चाकू मारकर लूट करने की घटना का हुआ पर्दाफाश

## पुलिस ने सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस की हिरासत में लूट की घटना के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

दिनदहाड़े हाईवे पर लूट करने वाले आरोपीयो को पुलिस ने धर दबोचा हैं। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि 08 दिसम्बर को भोपाल बायपास पर फरियादी समन्दर सिंह चंदेल पिता नानूसिंह चंदेल उम्र 70 साल निवासी न्यू हरसिद्धी नगर इन्दौर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा रास्ता रोककर चाकू से वार किया गया एवं फरियादी की एक्टिवा क्र. एमपी 09 एसझेड 6110 छीनकर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी थाना नाहर दरवाजा प्रदीप राय तत्काल मय फोर्स के रवाना होकर घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। उक्त अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना नाहर दरवाजा में अपराध क्रमांक 421/2023 धारा 397 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए 8 विशेष टीमो का गठन किया गया। टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तत्र सक्रिय किये गए। तकनीकी भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को पकडक़र प्रारंभिक पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में राजपाल पिता दुल्लेसिंह चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी देवास, साहिल पिता भुरू खाँ उम्र 19 वर्ष निवासी शाजापुर और मनोज पिता सुरेश अलावे उम्र 19 वर्ष निवासी देवास हैं। आरोपीयो के पास से जप्तशुदा सामग्री फरियादी का एक्टिवा वाहन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, चाकू एवं कपडे हैं। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रदीप राय, निरीक्षक दीपक सिंह यादव, उनि राधेश्याम वर्मा, प्रआर नितेश द्विवेदी, यशवंत तोमर, धर्मराज सिंह, रवि सिंह भदौरिया, आर रामेन्द्र सिंह, अक्षय देवडा, नवदीप, योगेन्द्र सिंह, अमित कुशवाह, थाना कोतवाली प्रआर सुनील देथलिया, आर नवीन पटेल, थाना बीएनपी प्रआर रघुनन्दत मुकाती, प्रआर रईस अहमद खान, दिनेशे मंडलोई, आर संजीव अरोनिया एवं सायबर सेल प्रभारी उनि पचन यादव, प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर का सराहनीय योगदान रहा।

# नेत्रदान कर दूसरे की दुनिया की रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



देवास जिला कांग्रेस महामंत्री डॉक्टर प्रेमचंद जैन, अनिल, सुशील की माता पतंगबाई जैन के निधन के पश्चात डॉ पीसी जैन परिवार ने मातोश्री के नेत्रदान करने का निर्णय लिया, ताकि मातोश्री की भावना के अनुरूप वे मरणोपरांत किसी और की मदद कर सके। परिवार जन विगत कई वर्षों से नेत्रदान की मुहिम चला रहे हैं। चापडा जैन श्री संघ के सचिव समाजसेवी राजेश दुग्गड़ के माध्यम से रात्रि करीब ढाई बजे इंदौर से डॉक्टर्स की टीम चापडा पहुंची और और उसके पश्चात मातोश्री का नेत्रदान किया गया। मातोश्री की अंतिम यात्रा में इंदौर, रायपुर, शाहदा, आष्टा, नासिक, करही, हटपिपलिया, बागली, पानीगाव, बधावा आदि कई जगह से श्रद्धांजलि अर्पित करने लोग पहुंचे।

**कलेक्टर ने दो आरोपियों को किया जिलाबदर:** देवास। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत दो आरोपियों को जिलाबदर किया है। जिसमें आरोपी ललित उर्फ लालू पिता जगदीश राठौर उम्र 28 साल निवासी दुलवा फाटा थाना नेमावर और जितेन्द्र उर्फ जीतू जगदीश राठौर उम्र 30 साल निवासी दुलवा फाटा थाना नेमावर को छः-छः माह के लिए जिला बदर किया है। आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर तय किए गए जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# काशी के गंगा घाट की तरह टेकरी पर हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



अलौकिक, अनूठा, अदभूत, विहंगम दृश्य दिखाई दे रहा हैं संस्था देववासिनी द्वारा प्रत्येक शनिवार, रविवार को मां चामुण्डा टेकरी पर आयोजित होने वाली महाआरती का, एक प्रकार से देश की आध्यात्मिक राजधानी काशी की गंगा आरती की तरह माता टेकरी की महाआरती प्रकट हो रही हैं। संस्था देववासिनी द्वारा देवास की टेकरी पर प्रारंभ किया गया महाआरती का धार्मिक समारोह प्रत्यक्ष काशी, हरिद्वार, ऋषिकेश में होने वाली महाआरती की तरह किसी धार्मिक अनुष्ठान की भांति प्रतीत हो रहा हैं। संस्था के सचिव महेश चौहान ने बताया कि देवास नगर के प्रत्येक वार्डों से श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर महाआरतियां संपन्न कराई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड क्रमांक 28 कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र तथा रविवार को वार्ड क्रमांक 10 विजयनगर क्षेत्र के श्रद्धालुओ ने अपने हाथों से माता रानी की आरती की। इस दौरान शहर के वरिष्ठ नागरिक संस्था के ओपी पाराशर, डॉक्टर एम कुमार, धीरज सोलंकी,सहित शहर के श्रद्धालु जन और संस्था के संरक्षक सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी भी शामिल हुए। विद्वान पंडितो द्वारा काशी की गंगा आरती की तर्ज पर चामुण्डा माता की महाआरती के पश्चात ढोल-धमाके के साथ भगवा पताकाएं लहराते, जय माताजी, जय श्री राम का उद्घोष करते हुए भक्तजन बड़ी माता तुलजा भवानी के दरबार में पंहुचते हैं। जंहा मां तुलजा भवानी की निरंजनी महाआरती संपन्न हुई। आगामी शनिवार 23 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 37 तथा रविवार 24 को वार्ड क्रमांक 41 के नागरिकों श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की महाआरती संपन्न की जाएगी। आरती में सभी नगर वासियों को आरती में शामिल होने का अनुरोध संस्था द्वारा किया गया है।

# विकसित भारत संकल्प, आभार रैली का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हाटपीपल्या




विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली का आयोजन रविवार को किया गया। नवनिर्वाचित विधायक मनोज चौधरी के नेतृत्व में ग्राम राजोदा से विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली प्रारंभ हुई, जो सिरोल्या, बरोठा, नेवरी अरलावदा होकर हाटपीपल्या पहुंची। जहां विधायक चौधरी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजनीति के संत पूर्व सीएम स्व. कैलाश जोशी के स्मारक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गीता भवन से ढोल-ढमाके के साथ निकली रैली में विधायक चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। नेवरी-बागली मार्ग पर दर्जनों मंच से पुष्पवर्षा की गई। करीब आधा दर्जन स्थानों पर जेसीबी से फूल बरसाए गए। स्कूल चौराहा, नेवरी बागली मार्ग, बजरंग चौराहा, नेताजी सुभाष मार्ग, महावीर मार्ग, महाकाल मार्ग व बस स्टैण्ड होते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंची। रैली के मार्ग पर आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न समाजों के साथ ही आभार रैली का सेकंडों मंचों से स्वागत किया गया। नगर में नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता अरुण राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकरण पाटीदार,कपिल तंवर, विजय सिंह शक्तावत, दुलीचंद कुंभकार, कृपाल सिंह सेंधव, प्रविण सक्सेना, गौरव निमावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया, पार्षद महेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि संदीप मालवीय, पार्षद दीपक धोसरिया, पार्षद मदन बुंदेला, पार्षद प्रतिनिधि भुजराम जाट, पार्षद प्रतिनिधि राजकिशोर जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गौरव मेश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम् तंवर, नगर अध्यक्ष शुभम् राजपूत, रायसिंह सेमली, मनोहर सिंह सेमली, यशवंत चौहान, रमेश संदुकलिया, हेमंत धोसरिया,सकिल मनसुरी, कपिल शर्मा, विशाल नागर, रोहित बडगुजर,हरिश बंजारा द्वारा भी मंचों के माध्यम से स्वागत किया गया तथा नागरिकों ने भी पुष्पमालाओं से स्वागत किया। रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए। इस दौरान विधायक चौधरी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### उज्जैन पहुंचकर किया मुख्यमंत्री का स्वागत



**चापडा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव का बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव के नेतृत्व में उज्जैन पहुंचकर आभार रैली में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान कमल यादव ,डॉक्टर जसमत यादव सहित कहीं भाजपा कार्यकर्ता एवं समाज जन उपस्थित रहे।

# बागली जनपद अंतर्गत जनपद सदस्य व सरपंच के लिए होगा उपचुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद जनपद पंचायत बागली अंतर्गत एक बार फिर से चुनाव आयोजित होना हैं।बागली जनपद अंतर्गत एक जनपद सदस्य एवं सरपंच के लिए उपचुनाव होंगे। जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सोमवार तक जनपद सदस्य के लिए दो आवेदन एवं सरपंच के लिए एक आवेदन तहसील कार्यालय बागली में आया है।जनपद पंचायत बागली के वार्ड क्र. 13 के जनपद सदस्य दुलीचंद सकलेचा का विगत दिनों निधन हो गया था, इसके बाद यह वार्ड रिक्त हो चुका है।

जहां पर जनपद सदस्य के लिए उपचुनाव होना है।वही ग्राम पंचायत उदयनगर में कलेक्टर द्वारा धारा 40 के अंतर्गत की गई कार्रवाई के तहत सरपंच को हटा दिया गया था। जिसके दौरान यहां पर भी सरपंच पद के लिए उपचुनाव होना है। बता दे की जनपद सदस्य के उपचुनाव को लेकर खींचातानी नजर नहीं आ रही है, क्योंकि इस चुनाव से जनपद अध्यक्ष पर कोई फर्क नहीं पढना है। इसलिए एक औपचारिकता पूर्वक यह चुनाव होना है।

बागली में सत्ताधारी दल के विधायक होने के कारण विपक्षी दल इस चुनाव को लेकर सक्रिय नजर नहीं आ रही है। भाजपा समर्पित आशीष पाटीदार एवं कांग्रेस समर्पित मनोज कंठाली द्वारा जनपद सदस्य के लिए अपना नामांकन बागली तहसील कार्यालय में दाखिल किया गया है। वही उदयनगर में सरपंच पद के लिए भी भाजपा कार्यकर्ता हीरालाल दांगी के पुत्र ने अपना नामांकन जमा किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर है एवं 5 जनवरी 2024 को मतदान होना है। जिसमें एक जनपद सदस्य, एक सरपंच एवं चार पंचों के लिए मतदान होगा। चुनाव की पूरी प्रक्रिया तहसील कार्यालय बागली से संचालित होगी। मतगणना भी तहसील कार्यालय बागली परी होगी। प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर किया जा रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# जिले में भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविर हो रहे हैं आयोजित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का आयोजन ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत शिविर आयोजित कर सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जा रहा है।'विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाएं शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जायेगा।

### आयुष्मान कार्ड व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं

केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे, इसके लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता उईके ने बताया कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ दी जा रही है। सीएमएचओ डॉ उईके ने बताया कि 19 दिसम्बर को देवास जिले में शहरी क्षेत्र देवास में दोपहर 12 बजे मोती बंगला, शाम 4 बजे गजरायिर्स चौराहा, देवास ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम दत्तोतर और पंथमुंडला, विकासखण्ड बागली के ग्राम महुखेड़ा और मानकुंडा, विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम बावड़ीखेड़ा और थुरिया, विकासखण्ड खातेगांव के ग्राम बगदा और रजौरा, विकासखण्ड सोनकच्छ के ग्राम कांकदादा और बोलासा, विकासखण्ड बागली के ग्राम इकलेरा और नागपचलाना में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे।

## खबर संक्षेप

### गतिविधियों के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** शासन द्वारा मत्स्यपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना संचालित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए 25 दिसंबर तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मछली पालन का काम करने वाले लोगों को शासन की ओर से योजना लागत व्यय का 40 एवं 60 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा। मत्स्योद्योग के सहायक संचालक प्रियंक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्यबीज उत्पादन हेचरी, मत्स्यबीज प्रक्षेत्र, बायोफ्लॉक पोण्ड निर्माण, फिशफीड मिल, मत्स्य कियोस्क निर्माण, आईसप्लांट निर्माण, केज, रेफ्रिजिरेटिव व्हीकल, मोटर साईकिल/ऑटोरिक्शा के लिए अनुदान की पात्रता है। इसके लिए आवेदक 25 दिसंबर तक आवेदन मत्स्य विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जिले के मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े कृषकों, युवा उद्यमियों और महिला वर्ग के हितग्राहियों को अनुदान दिया जाता है।

### नगर में 95 फीसदी मांस विक्रेताओं के पास नहीं हैं लाइसेंस

# 45 मांस विक्रेताओं की सीएमओ के साथ बैठक, लाइसेंस बनवाने किया आवेदन

कार्रवाई का सता रहा डर, नगर में संचालित हो रही मात्र आधा दर्जन मांस विक्रेताओं के पास ही है लायसेंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में 95 फीसदी मांस की दुकानें बिना लायसेंस के संचालित हो रही है। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम बिना लायसेंस के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने नहीं पहुंची है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने नगर में बिना लायसेंस मीट व्यवसाय करने पर कार्यवाही करने की मुनादी कराने के साथ ही इस व्यवसाय से जुड़े 45 दुकानदारों ने तत्काल नगरपालिका पहुंचकर श्री श्रीवास्तव से भेंट कर लायसेंस बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने समझाइस देकर अपनी खाना पूर्ति कर सोमवार 18 दिसंबर को लायसेंस बनवाने की बात कही।

बता दें कि नगर में अनेक स्थानों पर मीट की दुकान संचालित होती है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री श्रीवास्तव के अनुसार नगर पालिका से सिर्फ 6 लायसेंस बने हैं तथा कुछ ने खाद्य विभाग से लायसेंस बनवाए हैं ,वह भी गिनती के हैं। लेकिन समय के साथ साथ मांस विक्रेताओं की संख्या बढ़ना शुरु हो गई, जिसके चलते यह विक्रेता पिछले कुछ वर्षों से मीट मार्केट से बाहर निकलकर सड़क पर खुले में मांस का विक्रय कर रहे हैं। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव के निर्देश के बाद भी आष्टा नगर में मांस का खुले में विक्रय चल रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शनिवार को आष्टा नगर पालिका ने नगर में मुनादी कराई, जिसमें बताया गया कि बिना लायसेंस के मांस की दुकानें नहीं चलेगी। साथ ही खुले में मांस एवं अंडों का विक्रय किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन नगर पालिका की मुनादी के बाद भी दिनभर मांस की बिक्री चलती रही। ऐसे में नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारियों ने जहां सरकार के नए नियमों के बारे में मांस विक्रेताओं को अवगत कराया।

# गैस एजेंसियों पर केवाईसी कराने लग रही है भीड़

### 30 दिसंबर तक होगी ई-केवाईसी



**आष्टा।** गैस एजेंसी पर ई- केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अगर आप चाहते है कि शासन की योजना अंतर्गत आपको सस्ता घरेलू गैस सिलेंडर मिले, तो अब सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलनी बंद हो सकती है। विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा और कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के वायदा किया था। इसके चलते ऑयल कंपनियों ने मतगणना के नतीजे आने से पहले ही चुनावी सिलेंडर बांटने के लिए तैयारियां शुरू करते हुए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है।

#### उज्ज्वला योजना के हैं 10 हजार गैस कनेक्शन

आष्टा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 हजार गैस कनेक्शन हैं। ऐसे में गैस कनेक्शनधारियों को एजेंसी आकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। गैस एजेंसियों पर फिलहाल निःशुल्क व्यवस्था है, स्थिति यह है कि लोग दिलचस्पी दिखा रहे हैं।शहर में घरेलू गैस सिलेंडर वर्तमान में 950 रुपए में उपलब्ध है। इसमें केंद्र सरकार से डीबीटीएल के जरिए मात्र 24 रुपये की सब्सिडी मिल रही है। यह भी किसी उपभोक्ता के खातों में आ रही है तो किसी में नहीं। मतलब आम उपभोक्ता को एक सिलेंडर के लिए करीब 950 रुपए ही देना पड़ रहे हैं ।लेकिन अब यही गैस सिलेंडर 500 रुपए तक में मिलने वाला है। क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही शीर्ष पार्टियों ने इसके लिए घोषणा की थी। ऐसे में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही आम आदमी को गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलना तय है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इसके लिए अपने स्तर से प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एजेंसियों पर उपभोक्ता इसकी प्रक्रिया को पूरी करवा रहे है। जिसके लिए महिलाओं की काफी भीड़ गैस एजेंसियों पर नित्य देखी जा रही है।

ई-केवाईसी नहीं तो सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा जिले में संचालित इंडेन, एचपी और भारत गैस की एजेंसियों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर हर गैस कनेक्शनधारी से 30 दिसंबर तक पूरा करने कहा गया है। फर्जी कनेक्शन बंद करने और सब्सिडी लीकेज कम करने के लिए ई-केवाईसी को जरूरी किया गया है। इसके लिए सभी गैस एजेंसियों को आदेश जारी करने के बाद अब ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने उपभोक्ता को भी इसकी सूचना देनी शुरू कर दी है।

#### बायोमैट्रिक के माध्यम से ईकेवाईसी अनिवार्य

गैस एजेंसी संचालकों की माने तो सभी घरेलू गैस उपभोक्ता जो सब्सिडी प्राप्त कर रहे हैं, उनको गैस एजेंसी पर आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ आकर बायोमैट्रिक के माध्यम से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा। लाड़लियों से आवेदन लेते समय भी आई थी समस्या चुनाव के पहले भाजपा ने लाड़ली बहनाओं को सस्ता सिलेंडर देने के लिए आवेदन बुलवाए थे। आचार संहिता के पहले तक काफी आवेदन आए थे। इसमें कुछ आवेदन में नाम मिस मैच होने की समस्या सामने आई थी, तो अनेक की एलपीजी आईडी नहीं थी। ऐसे में अब सभी के लिए ई-केवायसी को अनिवार्य किया गया है। जिसमें सभी उपभोक्ताओं को कवर करने के लिए काफी समय भी लगना है।

### आस्था और उत्साह के साथ किया गया श्रीराम और माता जानकी का विवाह, बारात का किया स्वागत

**सीहोर।** रविवार को शहर के कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में विवाह पंचमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धालुओं द्वारा मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता का पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पूरे कस्बा क्षेत्र में श्री राम भगवान की बारात निकाली गई और इस बारात में सैकड़ों की संख्या में भजन कीर्तन ढोलक की थाप पर नाचते गाते हुए पूरे क्षेत्र में बारात निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# जन्म हुआ है, तो मौत भी निश्चित है, इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लें: पंडित मिट्ठूपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हमेशा याद रखना कि ,जब हमारा जन्म हुआ है। तो निश्चित ही एक दिन हमें मरना भी है। इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लेना। वर्तमान में जीना यही जीवन का असली आनंद है। आया है सो जाएगा राजा रंग फकीर। एक सिंहासन चढ़ चला, और एक बांध जंजीर। उक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए।

आगे महाराज श्री द्वारा राम नाम और सत्संग के महत्व पर बड़े ही भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया। राम के जैसा नाम नहीं, राम के जैसा राज नहीं, और राम के जैसा बाण नहीं, राम जी ने तो अपने जीवन में केवल एक तपस्वी गौतम ऋषि की पत्नी माता अहिल्या का उद्धार किया। पर राम के नाम से तो करोड़ों करोड़ों मनुष्यों का उद्धार हो गया। राम एक तापस तीय तारी।नाम कोटी खल कुमति सुधारी। इसलिए कलयुग में रामनाम का विशेष महत्व है। यही कली कर्म ना भगति विवेकु। राम नाम अवलंबन एकु।और इस धरा धाम पर राम जी के अवतार के अनेक कथाएं हैं। जिसमें भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय की कथा, राजा प्रताप भानु की कथा, मनु शतरूपा को वरदान सहित सभी कथाओं को बड़े ही विस्तार से सुनाया । राम जन्म कर हेतु अनेका। परम विचित्र एक ते एका। इसके अलावा भी राम कथा के अनेक गुढ विषयों को महाराज श्री द्वारा स्पर्श किया गया ।कथा के मध्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बांसुरी वादक रघुवीर सिंह ठाकुर के द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी हरि भक्तों द्वारा भाव विभोर होकर झूम-झूम कर नृत्य किया। कथा में पधारे वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता जी का समिति द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया।

प्रसाद बहादुर सिंह ठाकुर बापचा दौनिया की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित हरिशंकर शर्मा कथावाचक अर्जुन ककरिया खेड़ी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता, रघुवीर सिंह महतवाडा,राजेंद्र सिंह बेदखेड़ी, प्रदीप सिंह शोभा खेड़ी ,हेमंत राठौड़, विक्रम सिंह सेक्रेटरी रमेश चौरसिया ,नारायण सिंह हरनावदा तेज सिंह राठौड़ भगवत सिंह मेवाडा, जीवन सिंह अध्यापक, सवाई सिंह दोनिया, अमन बैरागी, मानकुंवर मेवाड़ा, राजू राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भक्तगण पधारे और कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

# नसबंदी शिविर में 71 ने कराए ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल एवं जावर के सामुदायिक अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन कराने में पुरुषों की रुचि नहीं है दूसरी तरफ सिविल अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा गण स्वयं नसबंदी ऑपरेशन नित्य करने की बात कहते हैं लेकिन बाहर से बुलाकर नसबंदी शिविर आयोजित किया जा रहा है यह कहां तक ठीक है अभी तक 953 नसबंदी ऑपरेशन में मात्र 19 पुरुषों ने नसबंदी कराई है वहीं आष्टा एवं जावर में हाल ही में संपन्न नसबंदी शिविर में 71 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन कराए हैं।

पुरुषों में नसबंदी कराने को लेकर अब भी भ्रांति बनी हुई है। खुद तो इसके लिए आगे आते नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की टीम समझाने पहुंचे, तो उन्हें भी गलत जवाब दे देते हैं। टीम में शामिल पुरुष कर्मचारियों को तो यहां तक सुना देते हैं कि आप स्वयं अपनी नसबंदी करा लो। वहीं डॉक्टरों भूपेंद्र परमार की मानें, तो हकीकत में नसबंदी के कोई भी साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन मर्दानगी खत्म होने समेत अन्य भ्रांतियों के कारण लोग सहज तैयार नहीं होते।

परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुरुष नसबंदी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हाल ही में 21 नवंबर से पूरे प्रदेश में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू किया गया था, जो कि 4 दिसंबर तक चला। इस दौरान लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर उनके मन की भ्रांतियों को दूर कर नसबंदी के लिए तैयार करना था, लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई खास परिणाम स्वास्थ्य विभाग के हाथ नहीं लगे हैं। महिला और पुरूषों को जागरूक कर रहे है। आष्टा में तो इस पूरे वित्तीय वर्ष में अब तक मात्र 19 व्यक्तियों ही नसबंदी कराने के लिए राजी हुए।

# नपा ने नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




**आष्टा।** नपा अमले ने चलाया जागरूकता अभियान।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा के न. पा. अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार और एवी एस कंसल्टेंसी टीम के द्वारा नगर में स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के द्वारा नगर के रहवासियों को जागरूक किया गया तथा उन्हें समझाया गया कि आप अपने निकाय के सार्वजानिक शोचालय का उपयोग करे। हमारे आसपास किसी भी प्रकार के यलो और रेड प्रकार की गन्दगी नही करना है। हम सभी को मिलकर हमारे नगर को साफ़ और स्वच्छ बनाना है। तथा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय जनपद पंचायत के पास, एवं कन्नौद रोड मंडी गेट के पास, मुक्तिधाम के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई करवाई गई। जन जागरूकता अभियान में से भागीदारी में रहे उपस्थित। नपा के एस आई विनोद सांगते, ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, जमादार मनोज, रवि, राजू, अंकित, मखमल, रेहान पठान शिवलाल यादव, जितेंद्र मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा, भूपेंद्र, शिव कुमार, देवबगस रैकवाल, नंदलाल झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# धन तो बढ़ रहा है, लेकिन शांति घट रही: अभय मुनि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम सभी को शांति चाहिए।आज धन बढ़ रहा है लेकिन शांति घट रही है। धर्म जो दे सकता है वह कोई नहीं। सभी रोगों की दवाई मिल सकती है ,लेकिन शांति की दवाई नहीं मिलती है।

भगवान कह रहे हैं अनंतकाल से साधना-आराधना कर रहे हैं।हर निमित्त को उपकार मानो। भगवान महावीर स्वामी पर उपसर्ग आया ,उन्होंने अपने कर्म को माना। निमित्त को दोष नहीं दिया।आज लोग निमित्त को दोष देते हैं। जैन धर्म कर्तव्य सिखाता है।रग -रग में क्षमा और मैत्री भाव रखना चाहिए। किसी के भी प्रति अशुभ भाव नहीं रखें। कैंसर का इलाज किमो से करते हैं,शरीर को असाता होती है।आप लोगों को शरीर से मोह है, जिनवाणी से मोह करें और यह भाव रखें कि निरोगी रहकर नित्य जिनवाणी श्रवण करु।

उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनि जी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि तपस्या पुण्य बढ़ा सकती है। महापुरुष कहते हैं क्रोध को क्षमा में बदल दो।बैर कभी नहीं बढ़ाए, घटाएं। कषाय बढ़ेगी तो शांति नहीं मिलती। क्षमा और सहनशीलता है तो उस व्यक्ति के जीवन में शांति रहेगी।अभय मुनि जी ने कहा दानवीर दीपचंद गार्डी ने उप राष्ट्रपति का पद अस्वीकार कर दिया था। अपनी साधना -आराधना के लिए। प्रोटोकॉल का पालन करने में उनकी साधना- आराधना छूट जाती। ऐसे दानवीर ने पद को त्यागना स्वीकार किया, लेकिन अपनी धर्म -आराधना नहीं छोड़ी। बच्चों को स्वाध्याय कराएं,साथ ही उन्हें सरल और गुस्सा नहीं करें, ऐसा स्वभाव बनाएं।

गिरीश मुनि जी ने कहा गर्म होने से कीमत घटती है। क्रोध को नियंत्रित करें। क्रोध सांप के समान है। जिनवाणी श्रवण कर आत्मा का सुधार और अपना कल्याण करें।कांच नहीं हीरा बने। गुस्सा नहीं करना है,यह ध्यान रखें। क्रोध बुद्धि को बाहर कर देता है। चिड़िया चुग गई खेत फिर पश्चाताप से कोई फायदा नहीं। इसलिए समय रहते धर्म ध्यान कर अपना मनुष्य जीवन सार्थक करें।

### पाठशाला के बच्चों को सिद्ध क्षेत्र वेजयंति गिरी की करवाई वंदना

# दिगंबर जैन मंदिर में जारी पाठशाला का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और परम पूज्य मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज की प्रेरणा से दिगम्बर जैन समाज आष्टा द्वारा नगर के समस्त दिगम्बर जैन मन्दिर और पाठशाला भवन में पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमे समाज की शिक्षिका बहनों द्वारा प्रतिदिन बच्चो को जिन संस्कृति एवं शास्त्रों का पठन पाठन करवा कर संस्कारो का बीजारोपण किया जाता है, नगर में संचालित उक्त पाठशाला भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति शिक्षण संस्थान सांगानेर जयपुर राज. से रजिस्टर्ड की गई है। उन्ही के दिशा निर्देशो व पाठ्यक्रम से पाठशाला का संचालन किया जाता है। पाठशाला के शीतकालीन सत्र के अंतर्गत रविवार को पाठशाला के बच्चों को सिद्धक्षेत्र विजयन्तिगिरी के दर्शन वंदना करवाई गई जहां पर विराजित पूज्य मुनि श्री मार्दव सागर जी महाराज के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया,ओर सिद्धक्षेत्र के विषय मे जानकारी दी गई,साथ ही मनोरंजन खेल कूद,एवं विभिन्न धार्मिक एक्टिविटी करवाई गई। इस अवसर पर पाठशाला के सेकड़ो की संख्या में बच्चों के साथ सञ्चालक मंडल के प्रदीप श्रीमोड, संतोष जैन जादूगर, प्रकाश जैन, मनोज जैन, हेमन्त जैन, शरद जैन पोरवाल, हिमानी जैन ज्योति जैन, कविता जैन, श्वेता जैन, मनीषा जैन, रक्षा जैन, बुलबुल जैन, ज्योति जैन, सोनिका जैन, अभिलाषा जैन आदि शिक्षिका बहने उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु में राष्ट्रीय अभिनव प्रोद्योगिकी कार्यक्रम में शामिल हुए युवा व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमें बनी बनाई लीक से अच्छे और अलग रास्ते पर चल कर विश्व पटल पर नवीन और सार्थक मुकाम बनाना है। हमारे सभी वाहन पेट्रोल और डीजल जैसे आयातित ईंधन से अलग हट कर नवीन ऊर्जा स्त्रोतों से चलायमान हो ताकि हमारी विदेशी मुद्रा से निर्भरता समाप्त हो, देश में प्रदूषण न उत्पन्न हो। इस आशय के प्रेरक विचार केंद्रीय सड़क परिवहन एवम राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेंगलुरु में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम हाइड्रोजन दहन इंजन द्वारा संचालित जे सी बी बेक लोडर के अनावरण कर आगे कहा कि देश में नवीनतम लाभप्रद नवाचार आज विश्व में सराहे जा रहे है। इस कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर जुना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के आशीष से आष्टा के प्रभु प्रेमी संघ से युवा व्यवसायी अर्थ मूविंग जे सी बी वर्ग में पंच दिवसीय आयोजन में सम्मिलित हुऐ। युवा व्यवसायी इंजीनियर शुभम शर्मा ने इस अभिनव आयोजन को भारत सरकार एवम कर्नाटक सरकार का सार्थक कदम बताते हुऐ कहा की भारत में निर्मित हो रहे अर्थ मूविंग उपकरण आज इंटरनेशनल मार्केट में तेजी से अपना स्थान व्यापक करते जा रहे है अब भारत का एक्सपोर्ट और बड़ेगा। शुभम शर्मा को प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति, संरक्षक गण मोहन सिंह अजनोदिया, रामेश्वर खंडेलवाल, केमिस्ट संघ के पूर्व अध्यक्ष अजीत कुमार जैन, कपड़ा रेडीमेड संघ के अध्यक्ष आलोक आर्य, पूर्व पार्षद गण शैलेश राठौर, सुभाष नामदेव, नरेंद्र कुशवाह, बाबूलाल मालवीय, अनिल धनगर, टैक्स एडवोकेट अभिषेक सुराणा, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने बधाई दी है।


### पति दिलीप अपने 3 बच्चों को रोजा रखने और नमाज पढ़ने बनाता है दबाव

# मुस्लिम धर्म अपनाने के विरोध में पत्नी ने दर्ज कराई पति पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जीरापुर में पत्नी ने जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने वाले पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए अपनी व अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। पत्नी ने पति पर मुस्लिम धर्म अपनाने को लेकर रोज मारपीट करने एवं जान से मारने की बात कहने के आरोप लगाए हैं। हिन्दू रीति रिवाज से शादी होने के बाद भी मुझे अपने धर्म को छोड़ने के लिए सरेआम परेशान करते हैं। पति के दोस्त भी घर आकर मुझ पर मुस्लिम होने का दबाव बना रहे हैं। मुझे मारते हैं, लेकिन मैं बच्चों के साथ रहना चाहती हूं। एक बार तो मुझ पर तेल डालकर आग भी लगाने की कोशिश की। पति रोजा रखते हैं। तीनों बच्चों को भी रखवाते हैं। बच्चे अगर नमाज नहीं पढ़ते, तो उन्हें जबरदस्ती पढ़वाते हैं। मैं रोकती हूं, तो कहते हैं कि तू बीच में नहीं बोलेगी। हमारा धर्म है। तुझे रहना है, तो रह, नहीं तो जा यहां से। एक बार तो मुझे इतना मारा कि दो महीने तक निशान नहीं गए।

**हेमराज टेलर ने मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए किया था दिलीप का ब्रेनवॉश**



#### क्या है मामला

जीरापुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की आशा खटीक ने पति दिलीप खटीक पिता शिवलाल खटीक की धर्म परिवर्तन मामले में शिकायत दर्ज की है। पुलिस को बताया की पति मुझे घर में बंद रखते हैं। शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान मायके वाले जीरापुर पहुंचे। उन्होंने मुझे मुक्त कराया। इसके बाद थाने पहुंची हूं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जीरापुर के आवास कॉलोनी गायत्री मंदिर के पास का है। दिलीप पेशे से ड्रायवर है। आशा खटीक ने जबरन धर्म परिवर्तन करवाने के लिए मुझे चारदीवारी में रखते हैं, कहते हैं नमाज पढ़। दिलीप खींची से 2004 में मेरी शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। मैं तभी से ससुराल में रह रही हूं।

#### हेमराज टेलर के कहने पर पति ने किया था धर्म परिवर्तन

घर में किसी को पता भी नहीं चला और दिलीप ने 2016 में हेमराज टेलर के कहने पर मुस्लिम धर्म अपना लिया। टेलर के कहने पर ही करीब डेढ़ साल से मुझे भी धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा है। हेमराज टेलर अक्सर घर आता रहता है। एक बार हेमराज ने भी मुझसे मुस्लिम बनने के लिए कहा था।

#### क्रोनोलॉजी को डीकोड करना जरूरी

यदि हेमराज टेलर ने दिलीप को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए सहमत किया और फिर हेमराज और दिलीप ने मिलकर परिवार के अन्य लोगों को हिदु धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करना शुरू किया, परंतु इससे फायदा किसको है और हेमराज को किसने मुस्लिम बनने के लिए सहमत किया। इस क्रोनोलॉली को डीकोड करना भी जरूरी है जिससे कुछ और चेहरे बेनकाब होंगे।

#### हिंदू देवी-देवताओं की नहीं करने देता पूजा, नमाज व रोजा के लिए बनाता है दबाव

आशा बताती है कि पति मुझसे कहते हैं कि तू भी नमाज पढ़, रोजा रख। मैरे ऐसा नहीं करने पर वह अकसर मेरे साथ मारपीट करते हैं। मैं हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा करती, तो उसने घर में से तस्वीर व मूर्ति हटा दी व मुझे घर से निकाल दिया। पति मुझे चारदीवारी में बंद रखते हैं। कहते हैं कि नमाज पढ़। मुझसे भी मुस्लिम धर्म से जुड़े काम करने के लिए कहते हैं, लेकिन मैं नहीं करती। कहती हूं कि मैं हिंदू हूं, तो उसी के अनुसार काम करूंगी।

#### बच्चों को भी पढ़वाते हैं नमाज

हालात यह है कि दिलीप बच्चों से भी नमाज पढ़वाते हैं। घर में हिंदू धर्म से संबंधित कुछ भी नहीं करने देते। जान से मारने की धमकी देते हैं। परिवार में किसी से बोलने नहीं देते। पूजा-पाठ भी नहीं करने देते। बेटे को भी मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालते हैं। धमकी देते हैं कि तुम दोनों को काट दूंगा, जान से खत्म कर दूंगा। चार दिन पहले बुधवार को इसी बात को लेकर मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने की बात की, तो जान से मारने की धमकी दी।

### करंट से झूलसे पैर, हालात गंभीर, भोपाल रेफर

# आउटसोर्स बिजली कर्मचारी को तार जोड़ते समय लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली का काम करते समय बहुत ही सावधानी बरतते हैं। इसके बावजूद भी हादसे हो ही जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर में स्थित न्यायालय के पास जीरापुर नाका चौराहा पर लगी हुई। डीपी के तार के जंपर को सुधारने रविवार सुबह-सुबह लगभग 8 बजे खंबे पर चढ़े बिजली कर्मचारी मुकेश पिता भगवान सिंह मालाकार निवासी नाहरदा कालोनी वार्ड क्रमांक 4 को करंट लग गया, और करंट से पैर झुलस गये , हालत गंभीर है। कर्मचारी को प्रारंभिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां इलाज के बाद ज्यादा सीरियस हालत होने के कारण भोपाल रेफर किया।



गौर तलब है कि बिजली विभाग में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा कोई सुविधा नहीं दी गई है, यदि आउटसोर्स कर्मचारी ड्यूटी के दौरान काम करते समय दुर्घटना का शिकार हो तो उसे शासन द्वारा कोई लाभ नहीं मिलता, और कर्मचारी का परिवार बहुत ही दुखद अवस्था में जीने को मजबूर हो जाता है।

आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपने दुखड़े मीडिया के माध्यम से शासन तक पहुंचाने की बात कही, वहीं उन्होंने मांग रखी कि शासन द्वारा हमें ज्यादा कुछ ओर नहीं ,तो हमारा दुर्घटना बीमा तो शासन को सुनिश्चित करवाना चाहिये , जिससे कार्य करते समय दुर्घटना का शिकार हुए कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा तो मिल सकें जिससे हादसे के शिकार हुए कर्मचारी के परिवार को राहत मिल सके।

**जांच करवा रहे**

खंबे पर चढ़े आउटसोर्स कर्मचारी ने चढ़ते समय विद्युत उपकरण पहने थे या नहीं जांच करवा रहे हैं। लेकिन इसकी सारी जिम्मेदारी लाइनमैन की होती है।

**डीएस मेहरा, कार्यपालन अधिकारी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल राजगढ़।**

## रामदेव मंदिर की दानपेटी खोली, निकले 152281 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कालीपीठ रोड पर ढंढ जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में तीन महीनों पहले ही प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य समारोह हुआ था। इसी मंदिर समिति के पदाधिकारियों की सहमति उपरान्त रविवार को दानपेटी का ताला खोला गया। तंवर समाज के जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर ने बताया कि दानपेटी से 1 लाख 52 हजार 281 रुपए प्राप्त हुए हैं। इस राशि को मंदिर निर्माण के अन्य कार्यों में खर्च किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित समाज के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे।



### राजगढ़ कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

# वृद्धा को परेशान करते थे बेटा, बहु और पोता, तीनों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महिला, बच्चों एवं बुजुर्गों पर होने वाले अत्याचार, शोषण के मामलों को राजगढ़ पुलिस गंभीरता से लेकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे गांव कलीखेड़ा में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला का परिजनों द्वारा बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा था। इतना ही नहीं वृद्धा के साथ बेटा, बहु और पोता दुव्र्यवहार करने लगे। पीड़िता द्वारा थाने आने पर इस बात की शिकायत की गई। शिकायत को गंभीरता से लेकर टीआई वीर सिंह ठाकुमर ने मामले की जांच करवाई। शिकायत सही पाए जाने पर वृद्धा महिला के बेटे भारत सिंह सौंधिया, बहु कैलाशबाई पत्नी भारत सिंह एवं पोते बबलू पिता भारत सिंह पर 24 वरिष्ठ नागरिक देखभाल अधिनियम सहित धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### दो पर हत्या का मुकदमा दर्ज

कालीपीठ थानाक्षेत्र के नौगांव में गत दिवस देवचंद तंवर की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। परिजन घायल देवचंद को राजगढ़ अस्पताल लेकर आए लेकिन डॉक्टर एवं पुलिस एमएलसी में दुर्घटना लिखा गया था जिसको लेकर काफी हंगामा भी हुआ। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्य सामने आने पर पुलिस ने गांव के ही दो लोगों शिवसिंह तंवर एवं बनेसिंह तंवर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## नगर के थोक सब्जी मंडी व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत



सारंगपुर। नगर के थोक सब्जी मंडी व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ व्यापारी माखनलाल पुष्पद शनिवार को ग्राम जावदी जिला आगर से एक मृत्यु भोज के कार्यक्रम से अपनी बाइक से वापस सारंगपुर आ रहे थे तभी आगर रोड पर खेडीखाल तहसील मोहन बडोदिया के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक बाइक सहित खाई मे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगो की मदद से ऑटोरिक्शा से सिविल अस्पताल लाया गया। जहाँ डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए इंदोर रेफर कर दिया, जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान माखनलाल पुष्पद उम्र 55 वर्ष निवासी एम पी ई बी के पीछे वार्ड नंबर 5 सारंगपुर की मौत हो गई। शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा दिया। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकलकर कपिलेश्वर मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी तथा एक शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में सब यात्रा में लोग शामिल हुए।

### अंडा व्यवसायियों ने दो दिन से बंद कर रखी हैं अपनी दुकानें

# अंडों पर नहीं पाबंदी, पर गंदगी की तो कटेगा चालानः नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन ने किसी भी व्यवसाय पर कोई पाबंदी नहीं लगाई है। मटन, चिकिन आदि मांस की दुकानों के लिए निर्देश हैं कि सभी व्यवसायी बाकायदा लायसेंस लेकर निकाय द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही दुकानों का संचालन करें। अंडा व्यवसायियों के लिए पाबंदी नहीं है लेकिन उन्हें स्वच्छता का पूरा ख्याल रखना होगा अन्यथा निकाय 500 रुपए का चालान काटने की कार्रवाई करेगा।

उक्त बात राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो अंडा व्यवसायी आमलेट, अंडों को तलने इत्यादि कार्य करते हैं, वे अपने ठेलों/दुकानों को ग्रीन मेटी या अन्य तरीकों से ढकवाना सुनिष्चित करें।



उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी सतत रूप से भ्रमण करेंगे। जो निर्देश दिए गए हैं अगर उनकी अवहलेना नजर आई तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

#### दो दिनों से बंद हैं सभी अंडा दुकानें

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ नगर के सभी अंडा व्यवसायियों ने दो दिन से हड़ताल की हुई है। किसी भी दुकान पर अंडे नहीं मिल पा रहे हैं। इसी संदर्भ में नगर पालिका अध्यक्ष ने स्थिति साफ की है। सभी अंडा दुकानदारों को सफाई का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दर्ज बच्चों में से 403 रहे अनुपस्तिथ

# अधिकारी बनने 1439 विद्यार्थियों ने दिया एग्जाम, जिले में बने थे 6 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच रविवार को जिले में मप्र संयुक्त राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षाएं आयोजित की गईं। दोनों परीक्षाओं के लिए राजगढ़ एवं ब्यावरा में कुल छह सेंटर बनाए गए थे जहां 1439 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी अच्छी तैयारियां की गई थीं। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा नोडल अधिकारी गीताजंली शर्मा ने बताया कि परीक्षा के लिए राजगढ़ में 4 एवं ब्यावरा में 2 सेंटर बनाए गए थे। कुल दर्ज 1842 में से 403 छात्र-छात्राए परीक्षा में अनुपस्थित रहे। कुल 1439 विद्यार्थियों में परीक्षा दी। परीक्षा के लिए ब्यावरा में उत्कृष्ट स्कूल, कन्या शाला एवं राजगढ़ में



पॉलीटेक्निक कॉलेज, शासकीय कन्या हायर सेकन्ड्री स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय को सेंटर बनाया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पूर्व सभी विद्यार्थियों को चेक किया गया। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी कन्या शाला सहित अन्य केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# कुरावर की साक्षी राठौर ने किया राजगढ़ जिले का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

होली एंजेल्स किड्स एकेडमी स्कूल की छात्रा साक्षी राठौर पिता दिनेश राठौर ने 67वीं मध्यप्रदेश स्टेट्स स्कूल गेम्स में 400 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अलबीना टोपो, संकुल खेल अधिकारी पी.एस तोमर,स्कूल प्राचार्य जेस्टिन के जोसफ, स्कूल पी.टी.आई रोनी सन्नी ने यशस्वी साक्षी पिता दिनेश राठौर को अपनी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी और इसी तरह खेल जगत में अपना नाम निरंतर आगे रखने के लिए अग्रसर किया ।स्पोर्ट्स में समर्थ होने के लिए



मनोबल और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। हर समय, खिलाड़ी के मनोभाव और भावना उसके खेल का परिणाम निर्धारित करते हैं। साक्षी पिता दिनेश राठौर सफलता की ऊंचाइयों को छू सकें इसके लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए उनके स्कूल और उनके परिवार का विशेष योगदान है।

### छोटा पुल निर्माण कार्य शुरू होने से व्यापारियों में जगी आस

# उतावली नदी पर पुल निर्माण कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

उतावली नदी पर पुल निर्माण कार्य शुरु हो चुका हे। रविवार को दोपहर 2 बजे छोटे पुल का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नगर परिषद उपयंत्री ऋषभ शर्मा बोड़ा पहुंचे। जहा स्थानीय लोगों का व्यापार व्यवसाय प्रभावित न हो निर्माण एजेंसी ऐसे दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगर के एक जनप्रतिनिधि मंडल ने उपयंत्री को एक पत्र के माध्यम से छोटे पुल के पास से अयोध्या बस्ती में जाने के लिए छोटा आम रास्ता की मांग की है। पुल के पास स्थित दुकानों का भी कोई नुकसान न ऐसा कार्य करने की भी मांग की। मांग नगर परिषद बोड़ा के वार्ड क्रमांक 02 पार्षद कमलेश बाई तेज सिंह यादव, वार्ड क्रमांक 06 सपना आशीष पालीवाल, ने रखी। इस मौके पर मौजुद पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी सोनी, आशीष पालीवाल, अरविंद बागड़ी, भरत राठौर,पवन राठौर, महेश गुप्ता, राहुल पाटीदार, आदि लोग मौजूद थे।



**इनका कहना है...**

कार्य क्षेत्र का निरीक्षण कर, प्रक्रिया में जनहित का ध्यान रखते हुए निर्माण एजेंसी को उचित एवं उपयोगी निर्देश दिए। जिससे नगर की अर्थव्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहे।

**ऋषभ शर्मा, उपयंत्री नगर परिषद बोड़ा**

### श्रीराम जन्मभूमि से आए पूजित अक्षत कलश

# 22 जनवरी को होगा भगवान का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशभर में उत्सव का माहौल है। किसी भी अयोध्या से नगर में आए अक्षत कलश का स्टेडियम ग्राउंड में पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर में विधिवत पूजा अर्चना किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को इस फल के साक्षी बनने के लिए सौभाग्यशाली बताया। नगर में निकली भव्य कलश यात्रा जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बजरंग दल के युवा एवं विश्व विश्व हिंदू परिषद एवं ग्रामीण मंडल से आए ग्रामीण सर पर कलश लेकर निकले एवं महिलाएं बच्चे जय श्री राम के नारे लगाते हुए नजर आए।

### अखिल भारतीय विद्याथी परिषद के सदस्यों ने चलाया हस्ताक्षर अभियाने

# छात्रों से पवित्र उद्धेश्य को लेकर हुए अपराध के खात्मे की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 11 दिसंबर को दिल्ली से ग्वालियर टेन में सफर कर रहे बुजुर्ग की तबीयत अचानक बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी। इन बुजुर्ग के साथ अभाविप से जुड़े कुछ छात्र भी सफर कर रहे थे। स्टेशन आने पर इन छात्रों ने एम्बुलेंस बुलवाई लेकिन उसके समय पर नहीं आने पर इन छात्रों ने स्टेशन के बाहर खड़ी एक जज की गाड़ी से तड़प रहे बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचवा दिया।

इधर, संबंधित जज की कार बगैर पूछे ले जाने उक्त छात्रों के खिलाफ थाने में डकैती का मुकदजा दर्ज करवा दिया गया। किसी की जान बचाने के लिए किए गए अपराध मामले में छात्रों पर दर्ज मुकदमे की सर्वत्र निंदा की जा रही है।




इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्याथी परिषद ने दोनों छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया है। सभी छात्र स्थानीय नाका नंबर 3 स्थित बिरसा मुंडा चौराहे पर एकत्रित हुए और हाथों में पोस्टर, बैनर लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

#### पूर्व मुख्यमंत्री भी लिख चुके हैं पत्र

इसी मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर पवित्र उद्धेष्य को लेकर हुए इस अपराध के खात्मे की मांग कर चुके हैं। राजगढ़ में चले हस्ताक्षर अभियान के अवसर पर कुलदीप सिंघी, आनंद शर्मा, उदयप्रताप सिंह, कपिल साहू, अदनान खान, हर्ष राजपूत, पवन शर्मा, यषपाल राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे। अभाविप की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य शुभन मीना सहित सभी सदस्यों ने प्रकरण के खात्मे की मांग की।